## भेरुजी का ओटला तोड़ा, विरोध में सिटी फोरलेन रोक प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** बजरंग दल और भाजपा के नेताओ नें भेरूजी का सोमवार को भेरूजी की ओटला तोड़ने के विरोध में सिटी फोलने पर जाम लगा कर विरोध किया। मामले में शिकायत पर पुलिस ने होटल मालिक सहित अन्य पर प्रकरण दर्ज किया।

**शिकायत पर होटल मालिक सहित अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज**



सैलाना रोड पर कोमल नगर में स्थित प्रिन्स होटल के मालिक द्वारा होटल के सामने स्थित भेरुजी का ओटला तोड़ने पर जमकर बवाल हुआ। मुखर्जी नगर निवासी गौसेवक गजेन्द्र सिंह सक्तावत को सोमवार सुबह प्रोफेसर कालोनी, कोमल नगर में भेरुजी का ओटला तोड़े जाने की सूचना मिली थी। जब गजेन्द्र सिंह मौके पर पंहुचे तो उन्होंने वहा भेरुजी का ओटला टूटा हुआ पाया। आसपास के सीसीटीवी फुटेज चैक करने पर पता चला कि रात को प्रिन्स होटल के मालिक सुभाष सिंह ने अपने साथ कुछ व्यक्तियों को लेकर भेरु जी का ओटला तोड़ा था। मन्दिर क्षतिग्रस्त किए जाने की खबर फैलते ही मौके पर बडी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पंहुच गए और आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय पार्षद पप्पू पुरोहित और भाजपा के वरिष्ठ नेता बजरंग पुरोहित भी मौके पर पंहुच गए और विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए। पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र पर गजेन्द्र सिंह की रिपोर्ट पर प्रिन्स होटल के मालिक सुभाष सिंह और अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 298 और 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। उधर प्रदर्शनकारियों की मांग पर क्षतिग्रस्त भेरुजी के ओटले को फिर से बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। मांगे पूरी होने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ।

### पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे मौके पर

बवाल की सूचना मिलने पर डीएसपी अजय सारवान, औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी टीआई सत्येन्द्र रघुवंशी, डीडीनगर टीआई अनुराग यादव, निगम आयुक्त अनिल भाना और तहसीलदार ऋषभ ठाकुर भी मौके पर पंहुचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उन्हे आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। वहीं शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं।

### गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अल्टीमेटम

प्रदर्शनकारियों की मांग पर क्षतिग्रस्त भेरुजी के ओटले को फिर से बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों की मांगे पूरी होने पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। हांलाकि प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो दिन का अल्टीमेटम पुलिस प्रशासन को दिया है।

## कार से ले जा रहे थे लाखों का डोडाचूरा, दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने कार से डोडाचुरा ले जाते दो लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके कब्ज से 2 क्विंटल 80 किलो डोडाचुरा जब्त किया। चौकी सालाखेड़ी की संयुक्त टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जब्त किया। टीम ने मुखबीर की सूचना पर रविवार को क्रेटा कार को सालाखेडी फंटे पर रोका। पुलिस को देखकर रुकने के बाद आरोपी कार लेकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर धराड़ टोल के पहले पकड़ा। तलाशीमें 14 बोरे में भरा अवैध मादक पदार्थ 2 क्विंटल 80 किलो कीमती 42 लाख रुपये तथा एक क्रेटा कार जब्तकी। पूछताछ में कार में सवार युवकों ने अपना नाम भरतदान पिता सोहनदान चारण (31), मुकेश पिता गिरधारीराम सारण (25)निवासी तालिया नोखडा चारणा थाना भोजासर जिला जोधपुर राजस्थान बताया। दोनों को गिरफ्तार कर पुलिस थाना स्टेशन रोड लाई। आरोपी भरतदान व मुकेश के विरूद्ध अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आरोपी भरतदान व मुकेश से मादक पदार्थ डोडाचुरा के स्त्रोत, लाने ले जाने के सम्बध मे पुछताछ हेतु माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड प्राप्त कर तस्दीक की जावेगी। गिरफ्तारी में निरीक्षक जितेंद्रसिह जादौन थाना प्रभारी स्टेशन रोड, उनि जगदीश यादव चौकी प्रभारी सालाखेडी, विजयसिह बामनिया, सउनि बबलु डागा, प्रआर. निलेश पाठक, विजय मीणा, अलेक्जेंडर राय, अजय दुबे, कुलदीपसिह सिसोदिया, जितेंद्रसिह बघेल, मुकेश चौहान, केपी सिह परिहार, आर. दीपक मकवाना, प्रदीप, अनिल सौलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

**पुलिस ने तलाशी ली तो भागने लगे युवक**



## एक नजर में

### जर्जर सड़क से बढ़ रही परेशानी, नागरिकों ने कलेक्टर से की मरम्मत की मांग



**रतलाम।** शहर के दो बत्ती स्थित बैंक कॉलोनी में वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी सड़क नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि खराब सड़क के कारण वाहन चालकों, पैदल राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्षा ऋतु में सड़क पर जलभराव की स्थिति बन जाती है, जिससे फिसलन और गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है। क्षेत्रवासियों के अनुसार इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्र के नागरिकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क का सुधार नहीं किया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क की मरम्मत एवं निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करने के निर्देश

**रतलाम।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व न्यायालय में लंबित अविवादित नामान्तरण एवं बंटवारे के प्रकरणों मे त्वरित आदेश पारित कर उनका निराकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों मे एल 1 स्तर पर ही शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये गये। बैठक में उपसंचालक सामाजिक न्याय को अभियान चलाकर जिले के वृद्धावस्था पेंशन के लाभ से शेष रहे सभी पात्र वृद्धजनों को पेंशन योजना में जोड़कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये। स्कूली बच्चों के आधार अपडेट कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सभी विभाग प्रमुखों को शासकीय भवनो में सोलर रूफटॉप सिस्टम लगवाने की कार्यवाही करने एवं सी एम एच ओ को वय वंदना योजना अंतर्गत 70 प्लस सभी वृद्धजनो के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए गए।



## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ

**रतलाम।** म.प्र. जन अभियान परिषद जिला रतलाम के द्वारा संवाद योजनांतर्गत स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला व ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन जन चेतना विद्यालय परिसर, पोलो ग्राउंड, रतलाम में किया गया।

मुख्य अतिथि न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज पवैया, मुख्य वक्ता युवा समाजसेवी अशोक पाटीदार, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मनोहर पोरवाल द्वारा की। विशेष अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी रतलाम के चेयरमेन प्रितेश गादिया, प्रेस क्लब रतलाम अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, गायत्री परिवार प्रांतीय समन्वयक विवेकानंद चौधरी, पर्यावरणविद् खुशाल सिंह पुरोहित, स्वदेशी जागरण मंच विभाग संयोजक स्वतंत्रपाल सिंह देवड़ा, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका श्रीमती सीमा अग्निहोत्री, इनरव्हील क्लब रतलाम अध्यक्ष श्रीमती बनिता श्रीवास्तव, समाजसेवी गोविंद काकानी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई व स्वागत उद्बोधन दिया। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर ग्रामोत्सव, चौपाल, रैली व श्रमदान जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वावलंबन, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं स्वस्थ-नशामुक्त समाज के लिए जनजागरण किया जाएगा तथा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना, आत्मनिर्भरता एवं समाज सेवा भाव को जागृत करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अशोक पाटीदार ने कहा कि 'स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए राष्ट्र जागरण के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका सपना था कि भारत का युवा चरित्रवान, आत्मविश्वासी और सेवा के लिए समर्पित हो।

## विवेकानंदजी का जीवन ऊर्जा, आत्मविश्वास अनुपम स्रोत : उपाध्याय

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** स्वामी विवेकानंदजी के जन्मदिवस (युवा दिवस) पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय रहे। विशेष अतिथि एसडीएम श्रीमती आर्ची हरित, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी निदेशक शर्मा रहे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा व सुना। उसी के अनुरूप सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की क्रियाएं की। मुख्य अतिथि श्री उपाध्याय ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का जीवन युवाओं के लिए ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का अनुपम स्त्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन सूर्य नमस्कार एवं योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया। डीईओ अनीता सागर, योजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमएल डामोर, डीपीसी राजेश झा, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपेंद्र सिंह ठाकुर, आर. सी.तिवारी पीटीए अध्यक्ष संजय पुरविया, महेंद्र सिंह सोलंकी, राजेश कोठारी, महेंद्र शुक्ला, आर. सी.पांचाल, शरद शर्मा, माया मौर्या, रीना कोठारी, मनोज मूणत, पतंजलि योग समिति एवं जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से गीता दीदी, दिलीप भाई, राजू भाई, बहन सुरमा, जनप्रतिनिधि, समस्त स्टाफ सदस्य, विद्यार्थी एवं पालक बड़ी उपस्थित रहे। योग प्रभारी आशा दुबे, मुकेश राठौर के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी सहभागियों को सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कराया गया। समापन पर प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्त्रोत है। अंत में जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी जागरूकता अभियान की शपथ दिलाई गई। संचालन डॉ. ललित मेहता ने किया।

**उत्कृष्ट स्कूल परिसर में सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम का सामूहिक का आयोजन हुआ**



### सर्किल जेल में बंदियों ने किया सूर्य नमस्कार




स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ हरिद्वार युवा भारत जिला रतलाम के प्रयासों से सर्किल जेल रतलाम में सूर्य नमक्स्कार का कार्यक्रम हुआ। लक्ष्मण सिंह भदौरिया जेल अधीक्षक, ब्रजेश मकवाने उप जेल अधीक्षक की उपस्थिति में रेलवे विभाग से सेवानिवृत्त वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश व्यास, गौसेवक दिनेश वाघेला के आतिथ्य में आयोजन हुआ। युवा भारत जिला प्रभारी व योगगुरू विशाल कुमार वर्मा ने बंदियों व जेल स्टाफ को सामूहिक सूर्य नमस्कार, अष्टांग करवाया। प्रकाश व्यास द्वारा जेल में रह रहे कैदियों के जीवन में निरंतर सुधार के लिए हरसंभव प्रयत्नशील नवाचार का भाव लिए श्रेष्ठ कार्य करने पर जेल अधीक्षक का पेंशनर्स ऐसोसिएशन रेल विभाग की और से विशेष सम्मान किया। आभार ब्रजेश मकवाने उप जेल अधीक्षक ने माना।

## सैलाना में दूषित जल आपूर्ति को लेकर विधायक डोडियार ने परिषद पर लगाए गंभीर आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने नगर परिषद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नगर में लंबे समय से दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है। अखबारों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर परिषद केवल वार्ड क्रमांक 6 में ही पाइपलाइन की खुदाई का कार्य कर रही है, जबकि पूरे नगर में कुछ वार्डों को छोड़कर दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है।

विधायक डोडियार ने आरोप लगाया कि यह कार्य अमृत 2.0 योजना के तहत जारी स्वीकृत सूची में स्थान परिवर्तन कर किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखकर नगर परिषद पर नगर की जनता को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है।



उन्होंने बताया कि संबंधित पाइपलाइन मूल रूप से शासकीय महाविद्यालय प्रांगण एवं वाल्मीकि आश्रम के लिए स्वीकृत थी, लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ की कथित मिलीभगत से आनन-फानन में पीआईसी की बैठक बुलाकर निर्णय बदल दिया गया। विधायक का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की फटकार के बाद केवल वाहवाही लूटने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। विधायक डोडियार ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सैलाना की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र ही पूरे नगर में पाइपलाइन का कार्य नहीं किया गया तो नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

### सम्मेलन संपन्न

**रतलाम।** मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन सम्मेलन संपन्न 10 और 11 जनवरी 2026 को बैतूल में संपन्न हुआ। सम्मेलन के नगर का नाम एमपीएमएसआरयू के संस्थापक सदस्य एवं राज्य उपाध्यक्ष कॉम अश्विनी शर्मा के नाम पर रख गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस सम्मेलन में कॉमरेड प्रमोद प्रधान राष्ट्रीय सचिव सीटू, कॉमरेड कौशिक रॉय चौधरी कोषाध्यक्ष, कॉमरेड शैलेंद्र शर्मा सचिव फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया, अनुराग सक्सेना महासचिव ने सम्मेलन में भागीदारी करते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित किया। सम्मेलन में तीन प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित किए गए।

## हत्या का नामली पुलिस ने 24 घण्टे में किया खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**नामली/रतलाम।** ग्राम सिखेड़ी में रविवार को फरियादी नानुराम पिता मांगीलाल मोगिया (60) निवासी ग्राम सिखेडी थाना नामली जिला रतलाम ने रिपोर्ट की उसके भाई गणपत लाल ओर गणपतलाल का लड१का राधेश्याम दोनो शराब पीकर पैसे की बात को लेकर लडाई झगडा कर रहे थे और राधेश्याम ने गणपत लाल को जान से मारने की नियत से लकडी की सिर पर मारी जिससे गणपतलाल के दाहिने आँख के उपर और नाक के उपर खुन निकलने लगा। उसके बाद गणपत फरियादी के घर पर आकर सो गया था, सुबह उठकर देखा तो गणपतलाल की मृत्यु हो चुकी थी। राधेश्याम ने गणपतलाल को जान से मारने कि नियत से लकड़ी से मारपीट कर हत्या कर दी। फरियादी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध किया। थाना प्रभारी नामली गायत्री सोनी के नेतृत्व में थाना नामली द्वारा टीम बनाकर मुखबिर तंत्र सक्रिय किए गए। पुलिस टीम द्वारा 24 घण्टे का भीतर आरोपी राधेश्याम पिता गणपतलाल मोगिंया निवासी ग्राम सिखेडी थाना नामली को गिरफ्तार किया गया। जिसे कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जावेगा।

**इनकी रही महत्वपुर्ण भूमिका:** निरी. गायत्री सोनी थाना प्रभारी नामली, उनि कन्हैया अवास्या केके पटेल, सउनि जुगलकिशोर रावत, प्रदीप शर्मा, प्रआर कांतिलाल औहरिया, आर. माखनसिंह, स्नेहपालसिह की महत्वपुर्ण भूमिका रही।

## राजस्व रिकॉर्ड के अभाव में अटके सैकड़ों नामांतरण प्रकरण

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** रतलाम जिले सहित जावरा तहसील में 1956-57 के पुराने राजस्व रिकॉर्ड न होने से जमीन, प्लॉट और अन्य भूमि के नामांतरण प्रकरण बुरी तरह अटक गए हैं। इससे प्रभावित लोग खासी परेशानी झेल रहे हैं। सोमवार को जन संघर्ष समिति ने इस समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुनील जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। पुराने रिकॉर्ड का फरमान बना बाधा ज्ञापन में बताया गया कि तहसील कार्यालय में 1956-57 के रिकॉर्ड के आधार पर कई नामांतरण प्रकरण लंबित पड़े हैं। जबकि मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 में लागू हुई, उसके बाद दान, रजिस्ट्री, वसीयतनामा या वंशानुक्रम के आधार पर नामांतरण स्वीकृत होते रहे हैं। अब तहसीलदार का 56-57 रिकॉर्ड अनिवार्य करने का आदेश विधि-विरुद्ध है, जो लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रहा है। समिति ने हैरानी जताई कि यह प्रतिबंध केवल रतलाम जिले तक सीमित है, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं। पटवारी लापरवाही और दबाव की शिकायतें पटवारी कुछ मामलों में नामांतरण के आदेश होने पर भी अमल नहीं करते।

**जन संघर्ष समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, तत्काल राहत की मांग**



**रजिस्ट्री के बाद भी नहीं हो रहा नामांतरण :** ड्रोन सर्वे से रजिस्ट्री हो चुकी होने पर भी नामांतरण नहीं होता। पीड़ितों द्वारा 181 हेल्पलाइन पर शिकायत करने पर वापसी का दबाव बनाया जाता है। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री के बाद अविवादित नामांतरण प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए। मांग रोक हटाकर राहत प्रदान करें समिति ने मांग की है कि जिले में लगी इस रोक को अविलंब हटाया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनील पोखरना, मनोज मेहता, शरद डूंगरवाल, अंकीत ललवानी, असलम मेव, जीतू मालवीय, अली जमान, मुकेश धाकड़, जगदीश सोलंकी, गुड्डू पठान, फरीद हुसैन, फैजान खान, सिकंदर मेव, अद्दु भाई, मुबारक मामा, आदि उपस्थित रहे।०००००

### योग से स्वस्थ तन-मन और सशक्त राष्ट्र का निर्माण : कोचट्टा

**जावरा।** स्वामी विवेकानंदजी की जयंती युवा दिवस के अवसर पर स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में भव्य रूप से सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा ने कहा कि योग मनुष्य को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने की प्राचीन भारतीय प्रमाणिक विद्या है। योग के नियमित अभ्यास से उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार देवेंद्र धानगढ़ ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा योग निरोग रहने का संपूर्ण शास्त्र है। इसकी महत्ता एवं प्रमाणिकता को आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। विशेष अतिथि सहायक संचालक ज्योति पटेल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद के प्रेरणास्पद वाक्य 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक न रुको' को अपने जीवन का ध्येय वाक्य बनाएं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ प्रसारण।

**आयोजन** — कथा के पांचवे दिन हुआ 56 भोग प्रसादी का आयोजन

## ईश्वर भक्ति से जीवन पवित्र, राष्ट्रभक्ति से जीवन गौरवशाली : भीमा शंकर



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** संसार को प्रसन्न करना अत्यंत कठिन है, लेकिन ईश्वर को प्रसन्न करना बहुत सरल है। इसलिए मनुष्य को संसार को खुश करने में समय गंवाने के बजाय अपना जीवन ईश्वर भक्ति में लगाना चाहिए।

यह बात गीता भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत गीता महोत्सव के पांचवें दिन कथा प्रवक्ता पं. भीमा शंकर शास्त्री ने श्रद्धालुओं को आध्यात्म और राष्ट्रधर्म का गहन संदेश देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मन रूपी पुष्प को भगवान के चरणों में अर्पित कर देने से ही जीवन सार्थक बनता है।

ईश्वर के निकट रहने से व्यक्ति पाप से दूर रहता है, क्योंकि पाप का मूल कारण लोभ है और लोभ की कोई सीमा नहीं होती। शास्त्री जी ने कहा कि जहां वाणी और आचरण विपरीत दिशा में चलते हैं, वहीं छल जन्म लेता है। आज समाज छल से भर गया है, इसी कारण मनुष्य सर्प से भी अधिक विषैला बनता जा रहा है।

### इन्होने लिया पौथी पूजन का लाभ -

कथा के पांचवे दिन पौथी पूजन और आरती का लाभ भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, नितीराजसिंह, प्रांजल पाण्डेय, मोहनलाल सैनी, गोपाल सेठिया, शातीलाल पाटीदार, गोपाल मेढ़तवाल, जगदीश राठौड़ ने लिया। पांचवे दिन कथा में 56 भोग प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसका लाभ सबका कल्याण परिवार ने लिया। जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय ने राष्ट्रीय उदबोधन दिया। आरती से पूर्व अतिथि स्वागत सचिव अशोक सेठिया, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, कैलाश विजयवर्गीय, गायत्री प्रसाद मंडलोई, दशरथ कसानिया, दिलीप हेमावत, आनंद पांचाल के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। संचालन राजेन्द्र श्रोत्रिय ने किया।

**धर्म से विमुख होना ही समाज के पतन का कारण :** कथा प्रवक्ता ने कहा कि व्यक्ति का धर्म से विमुख होना ही समाज के पतन का सबसे बड़ा कारण है। जब मनुष्य ईश्वर से दूर होता है, तब उसका जीवन भी दिशाहीन हो जाता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन को ईश्वर के चरणों में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामभक्ति जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही महत्वपूर्ण राष्ट्रभक्ति भी है। देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए करतल ध्वनि से उनका अभिनंदन किया। गीता भवन में चल रही यह कथा श्रद्धालुओं को भक्ति, नैतिकता और राष्ट्रप्रेम के मार्ग पर अग्रसर कर रही है।